हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 15 नवंबर, 2025

11 स्कूलों में रही बाल दिवस की धूम, जमकर झूमे बच्चे



12 मनीषा बनी गर्ल्स कॉलेज की बेस्ट एथलीट



## खबर संक्षेप



### चिकित्सा शिविर में 150 विद्यार्थियों ने कराई जांच

**झज्जर।** गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कबलाना में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान बाढ़सा द्वारा दो दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों तथा संस्थान स्टाफ को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं, कैंसर की प्रारम्भिक पहचान एवं स्वास्थ्य जागरूकता प्रदान करना रहा। चिकित्सकों की टीम ने सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, कैंसर, रक्तचाप, मधुमेय टेस्ट, हीमोग्लोबिन जांच, दांतों का परीक्षण किया। शिविर में 150 से अधिक विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाया। इस मौके पर डॉक्टर हरी कृष्णा, राजू, डॉक्टर जितेंद्र, कोर्डिनेटर विवेक खोखर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### खत्री ने भी बिहार जीत पर बांटे लड्डू

**बहादुरगढ़।** बिहार विधानसभा चुनावों में एनडीए गठबंधन को मिली भारी जीत पर हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने लड्डू बांटकर खुशियां मनाई। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने विकास और सुशासन के पक्ष में वोट किया है। विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार की जोड़ी को बिहार की जनता का आशीर्वाद मिला है।


### विधायक दलबल के साथ बलिदान दिवस में गए

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को अमर बलिदानी दादा कुशाल सिंह दहिया के 350वें राज्य स्तरीय बलिदान दिवस समारोह में विधायक राजेश जून ने भी शिरकत की। विधायक राजेश जून ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि दादा कुशाल सिंह दहिया जैसे महापुरुषों का बलिदान युवाओं को सदैव देशहित और समाजहित में आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। उन्होंने सीएम नायब सिंह सैनी की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवा पीढ़ी को अपने इतिहास और वीर सपूतों की गाथाओं से जोड़ रही है। राजेश जून ने बिहार में मिले प्रचंड बहुमत पर सीएम नायब सिंह सैनी को बधाई दी।

### स्पेशल बच्चों ने मनाया बाल दिवस

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को नूना माजरा स्थित आशा किरण स्पेशल स्कूल में बाल दिवस उत्साह और आनंद के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण से हुई। जिसके बाद छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नृत्य, गीत और विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान चित्रकला प्रतियोगिता, खेल गतिविधियां व दीया पेंटिंग जैसी गतिविधि भी हुई। स्कूल प्रबंधक नवीन देसवाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विशेष बच्चों को सीखने, बढ़ने और अपनी क्षमताओं को निखारने का अवसर देते हैं।

### स्कूल में बच्चों ने दी प्रेरक प्रस्तुतियां



**बहादुरगढ़।** श्री चैतन्य स्कूल में बाल दिवस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों और बच्चों ने अनेक प्रस्तुतियां दी। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को ईमानदारी, कड़ी मेहनत, संस्कार और सकारात्मक सोच का महत्व समझाया।

### एसईएसटीएफ ने कृष्णा नगर में अवैध प्लास्टिक स्टोर पकड़ा

# अवैध प्लास्टिक यूनिटों पर प्रशासन का शिकंजा, एक्यूआई @ 388

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर में प्रदूषण फैलाने वाली अवैध प्लास्टिक यूनिटों पर प्रशासन का कड़ा रुख बरकरार है। हालांकि इस कार्रवाई के बावजूद वायु गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा। शुक्रवार को एक्यूआई 388 रिकॉर्ड हुआ। वीरवार को यह 466 तक पहुंच गया था। इस दौरान संयुक्त टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी करते हुए कई गड़बड़ियां पकड़ीं।

स्पेशल एन्फोर्समेंट स्क्वॉड टास्क फोर्स की टीम ने कृष्णा नगर क्षेत्र में एक अवैध प्लास्टिक कचरा स्टोर पकड़ा। एक ठेकेदार द्वारा यहां अवैध रूप से बड़ी मात्रा में प्लास्टिक रखा गया था। टीम ने तुरंत कार्रवाई की। बिना अनुमति कचरा जमा करने को गंभीर लापरवाही मानते हुए सामग्री को जब्त किया गया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं, बीती रात गांव छारा में एक अवैध प्लास्टिक वेस्ट मेल्टिंग यूनिट को सील कर दिया गया। देर रात तक चली कार्रवाई के दौरान टीम ने मौके पर भट्टी बंद कर सीलिंग प्रक्रिया पूरी की।

शुक्रवार को एचएसपीसीबी के एसडीओ ने सिंचाई विभाग विभाग के एसडीओ, नगर परिषद के पालिका अभियंता, बीएंडआर के जेई, यूएचबीवीएन लाइनमैन और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के साथ निरीक्षण किया।



- छारा गांव में एक यूनिट सील
- देर रात तक चली कार्वाई
- 5 प्लास्टिक वॉशिंग यूनिट और 1 फैब्रिक वॉशिंग यूनिट बिना अनुमति के संचालित मिली

बहादुरगढ़। लाइनपार में पकड़ी गई अवैध प्लास्टिक प्रोसेसिंग यूनिट।



बहादुरगढ़। बहादुरगढ़। कृष्णा नगर में पकड़ा गया अवैध प्लास्टिक स्टोर।

#### बिना अनुमति चल रही थी

इस दौरान 5 अवैध प्लास्टिक वॉशिंग यूनिट और 1 फैब्रिक वॉशिंग यूनिट बिना किसी अनुमति के संचालित पाई गईं। टीम ने इन सभी यूनिटों को तुरंत बंद करवाकर क्लोजर कार्रवाई शुरू कर दी है। एचएसपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि बिना अनुमति ऐसी गतिविधियां न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा हैं। बहादुरगढ़ में अवैध प्लास्टिक प्रोसेसिंग, स्टोरेज या वॉशिंग यूनिटों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी अभियान जारी रहेगा।

# बेकरी संचालक से बैंक कर्मचारी बनकर 6.11 लाख रुपये की साइबर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर निवासी एक व्यक्ति के साथ साइबर ठगी हो गई। साइबर ठग ने बैंक कर्मी बनकर एप्लीकेशन संबंधित समस्या का हवाला देकर एक लिंक पर क्लिक करवाया और पीड़ति के खाते से छह लाख 11 हजार रुपये साफ कर दिए।वारदात टीचर कॉलोनी के निवासी मुकेश कुमार के साथ हुई है। वह बेकरी संचालक है। मुकेशके मुताबिक, गत 13 अक्टूबर को उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को इंडसइंड बैंक का कर्मचारी बताते हुए मोबाइल एप से संबंधित शिकायत का हवाला दिया और एक लिंक भेजकर उसे खोलने के लिए कहा। मुकेश ने जैसे ही वह लिंक क्लिक किया तो उनका फोन हैक हो गया। अगले दिन 14 अक्टूबर को दोपहर करीब 12 बजे उनके फोन पर लगातार बैंक खाते से पैसे डेबिट होने के मैसेज आने लगे। बैंक से स्टेटमेंट निकलवाने पर पता चला कि इंडसइंड बैंक खाते से बंधन बैंक के तीन अलग-अलग खातों में एक लाख 99 हजार, एक लाख 99 हजार व एक लाख 99 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए गए हैं। इसके अलावा 14,500 रुपये एक पेमेंट गेटवे के माध्यम से भेजे गए। कुल 6 लाख 11 हजार 500 रुपये की साइबर ठगी हुई है।

#### ठगी से जुड़े लिंक और नंबर का डेटा डिलीट हुआ

फोन हैक होने का शक होने पर मुकेश ने तुरंत अपना मोबाइल रीसेट करवाया, लेकिन इसमें ठगी से जुड़े लिंक और नंबर का डेटा डिलीट हो गया। इसके बाद उन्होंने अपने दामाद योगेश मित्तल की मदद से साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। काम की वजह से राज्य से बाहर होने के चलते मुकेश 14 नवंबर को साइबर थाना झज्जर पहुंचे, जहां उन्होंने लिखित शिकायत के साथ बैंक स्टेटमेंट भी जमा कराया। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उनके ठगे गए रुपये वापस दिलाए जाएं। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एवीटी सैल ने अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से देशी पिस्तौल व दो कारतूस बरामद हुए है। दरअसल, एवीटी की टीम एनएच-9 के निकट 44 फुटा मांडोठी रोड पर मौजूद थी। इस दौरान टीम ने शक के आधार पर एक युवक को काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से देशी पिस्तौल और दो कारतूस बरामद हुए। आरोपी की पहचान प्रवीण निवासी रोहद के रूप में हुई है। उसके खिलाफ आसौदा थाने में शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार, आठ नवंबर को रोहद में हुए दीपक हत्याकांड में भी प्रवीण आरोपी है।

## किसान चौक पर डंपर और कार की टक्कर हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

रोहतक-दिल्ली मार्ग स्थित किसान चौक पर डंपर और कार की टक्कर हो गई। हादसे में किसी को गंभीर चोट तो नहीं आई लेकिन कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वाहन मालिक की ओर से पुलिस को शिकायत दे दी गई है। आसौदा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। वारदात सेक्टर 6 के निवासी सुनील कुमार के साथ हुई है। सुनील का कहना है कि वह और उसका जीजा सतीश कुमार गाड़ी में सवार होकर दहकोरा से बहादुरगढ़ लौट रहे थे। जब किसान चौक के नजदीक पहुंचो तो क्रासिंग के चलते गाड़ी रोक ली। इसी दौरान तेज रफ्तार से पीछे से आए डंपर ने हमारी कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही गाड़ी का पिछला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में बाल बाल हमारी जान बची। हम बाहर निकले तो डंपर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के दौरान दिमाग संतुलन बिगड़ने के चलते उस दौरान मैं लिखित शिकायत नहीं दे पाया। उधर, पुलिस ने सुनील की शिकायत पर आसौदा थाने में केस दर्ज कर लिया है। डंपर का नंबर पुलिस को मिल गया है। इस आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंचने का प्रयास करेगी।

## तिरपाल फैक्ट्री में रात को भीषण आग से नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक तिरपाल फैक्ट्री में बीती रात को भीषण आग लग गई। आग से काफी माल जलकर राख हो गया। पांच गाड़ियों के सहारे दमकल कर्मियों ने कई घंटे में आग पर काबू पाया। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

घटना एमआईई पार्ट-1 की है। दरअसल, दिल्ली के निवासी मुकेश बंसल की यहां बंसल लैमीफेब इंडस्ट्रीज एलएलपी नाम से फैक्ट्री है। इसमें तिरपाल व तारपोलिंग रोल बनाए जाते हैं। वीरवार की रात को फैक्ट्री में काम बंद था। रात करीब 12 बजे अचानक कंपनी के ऊपरी हिस्से में बनने शेड में आग लग गई। प्लास्टिक आदि ज्वलनशील पदार्थ होने के चलते आग तेजी से भड़क गई। सूचना पाकर दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई, लेकिन तब तक आग काफी फैल चुकी थी। पांच गाड़ियों के सहारे दमकल कर्मियों ने कुछ घंटे में आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक काफी माल जलकर राख हो चुका था। नुकसान का सही आंकलन जांच के बाद हो सकेगा। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। बता दें कि वीरवार को इस फैक्ट्री से कुछ ही दूरी पर स्थित एक जूता फैक्ट्री में भी भीषण आग लग गई थी।



बहादुरगढ़। फैक्ट्री के ऊपरी हिस्से में लगी आग।

## पुलिस ने चलाया सर्च अभियान संदिग्ध की सूचना देने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को जिला पुलिस द्वारा एसीपी एसीपी अखिल कुमार और एसीपी सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में व्यापक सर्च अभियान चलाया गया। यह अभियान डॉग स्क्वाड की सहायता से करीब 50 पुलिस जवानों की टीम द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में चलाया गया। अभियान की शुरुआत लघु सचिवालय परिसर से हुई, जहां पुलिस टीम ने आने-जाने वाले लोगों और वाहनों की गहन जांच की। इसके बाद टीम ने कोर्ट परिसर, सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैंड, व रेलवे स्टेशन में भी सर्च अभियान चलाया। पुलिसकर्मियों ने डॉग स्क्वाड की मदद से वस्तुओं, बैग, वाहन तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों में मौजूद व्यक्तियों की जांच की। एसीपी अखिल कुमार एवं एसीपी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि सुरक्षा को लेकर सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि संदिग्ध गतिविधि या वस्तु दिखाई देने पर पुलिस को सूचित करें।




## उचित मुआवजे व कमेटी गठन की मांग को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सरकार द्वारा चलाई जा रही 220 केवी डबल सर्किट हाई-टेंशन ट्रांसमिशन लाइन परियोजना में उचित मुआवजे की मांग को लेकर भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के सदस्य शुक्रवार को लघु सचिवालय पहुंचे। यहां उन्होंने किसान नेता सतेंद्र लोहचब व रामप्रकाश के नेतृत्व में डीसी से मुलाकात की तथा अपने समस्या संबंधी ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन लेने उपरांत डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने नियमानुसार कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजने तथा कमेटी गठन के समय उन्हें बुलाने का आश्वासन दिया। भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के नेता सतेंद्र लोहचब ने बताया कि यह लाइन 400 केवी पीजीसीआईएल सब-स्टेशन, बहादुरगढ़ से शुरू होकर जिले के दादरी तोए गांव से होते हुए गुरुग्राम और फरीदाबाद की ओर जाएगी। इस दौरान यह लाइन जिले के करीब बीस किलोमीटर कृषि भूमि को कवर करेगी जिसमें तेरह गांवों के सैंकड़ों किसान प्रभावित होंगे।



झज्जर। डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए किसान कामगार मोर्चा के सदस्य।

#### एमआरसी का गठन किया जाए

किसानों ने ज्ञापन में बताया है कि पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा मिल पाए इसके लिए अनिवार्य बाजार दर समिति अर्थात एमआरसी का गठन किया जाए। इस कमेटी में उनकी ओर से दो प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा एमआरसी गठन की बात कही गई थी लेकिन उसे अभी तक गठित नहीं किया। इस मौके पर सोमबीर, हरीशचंद्र, प्रेमचंद शर्मा, सुरेंद्र, भगवत दयाल, कपूर सिंह, भगत, बलजीत, दलबीर सिंह, अशोक, संजय, जितेंद्र, राजू, नवीन, मंजीत, सचिन, सोनू, सुनील सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### टीम ने तुलाराम चौक से कच्चा बादली मार्ग का निरीक्षण किया

# अभियान चलाकर सड़कों से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा पुलिस प्रशासन को साथ लेकर शहर के विभिन्न मार्गों का निरीक्षण करते हुए सड़कों से अतिक्रमण हटाया गया। सफाई दरोगा शिवम ने बताया कि उन्होंने टीम सदस्य विकास उज्जैनवाल, कृष्ण, गौरव व रोहित आदि के साथ सिलानी गेट स्थित राव तुलाराम चौक से कच्चा बादली मार्ग स्थित अनाज मंडी परिसर तथा सिलानी गेट से यादव धर्मशाला मार्ग तक का निरीक्षण करते हुए दुकानों के सामने निश्चित परिधि से बाहर लगाए फ्लैक्स, स्टैंडी, साइन बोर्ड आदि सामानों को हटाया। सैनेटरी इंस्पेक्टर आनंद मलिक के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में कर्मचारी ट्रैक्टर-ट्राली के साथ पहुंचे तथा अतिक्रमण करने वाले सामान को उठा कर जब्त करते हुए ट्रैक्टर-ट्राली में डाल लिया गया। उन्होंने बताया कि शहर के सौंदर्यकरण को लेकर नगर परिषद द्वारा बाजार से अतिक्रमण हटाए जाने का निर्णय लिया है। इस संबंध कई दिनों पहले मुनादी करके सभी दुकानदारों को हिदायत दी गई थी।



झज्जर। दुकानों बाहर रखे होर्डिंग को ट्राली में डालते हुए नप कर्मचारी।



झज्जर। प्रदूषण फैलाने के संबंध में दुकानदारों का चालान करते हुए टीम।

#### प्रदूषण और गंदगी फैलाने वाले चार दुकानदारों के किए चालान

दूसरी ओर नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा शहर में प्रदूषण व गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों के चालान भी किए जा रहे हैं। कर्मचारियों द्वारा चार दुकानदारों के चालान किए गए। सफाई दरोगा सुंदरलाल ने बताया कि उन्होंने अपने टीम सदस्य मुकेश सोनी के साथ मिलकर सिलानी गेट से गुरुग्राम रोड स्थित लघु सचिवालय तथा सिलानी गेट से पंचनद चौक स्थित रेवाड़ी रोड तक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो दुकानदारों के तंदूर और भट्ठी पर आग सिलगाकर प्रदूषण फैलाने संबंधी तथा दो अन्य दुकानदारों के रोड पर कचरा व गंदगी फैलाने के संबंध में चालान किए गए।

## बिहार चुनाव के नतीजों पर मंथन करेगी कांग्रेस : हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिस हिसाब से बिहार में महागठबंधन को जनसमर्थन मिल रहा था, चुनावी नतीजे वैसे नहीं आए हैं। हमारे गठबंधन को ऐसे नतीजों की उम्मीद नहीं थी। इसलिए बिहार की हार पर कांग्रेस पार्टी गंभीरता से मंथन करेगी और तमाम कारणों की जांच करेगी। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार विपक्ष होने के नाते जनहित के मुद्दे उठाना कांग्रेस का फर्ज है। इसीलिए पार्टी ने विधायक दल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में भारी बारिश से किसानों को हुए नुकसान, धान की खरीद में हुए घोटाले, प्रदेश में बढ़ते अपराध और राशन कार्ड घोटाले पर संज्ञान लेने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों प्रदेशभर में हुई भारी वर्षा के कारण किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। धान, कपास और अन्य खरीफ फसलों के खेत जलमग्न हो गए हैं, जिससे किसानों को आर्थिक रूप से गहरा आघात पहुंचा है। अनेक किसानों की फसलें पूरी तरह से नष्ट हो चुकी हैं, परंतु सरकार की ओर से अब तक न तो सही सर्वे किया गया है और न ही मुआवजे की कोई ठोस घोषणा हुई है। अत्यधिक बारिश के कारण इस बार की फसल तो बर्बाद हुई है और अभी तक जल भरा हुआ है।



झज्जर। पत्रकार वार्ता करते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

मानव मस्तिष्क लगभग 15 वाट पर संचालित होता है।

मकड़ी के रेशम का एक धागा इंसान के बाल से भी पतला होता है।

# जल विभाग में नौकरी है शानदार करियर ऑप्शन



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारत में कार्यों को अलग-अलग विभाग के माध्यम से किया जाता है। भारत में पुलिस विभाग जिस प्रकार से अपना काम करता है। उसी प्रकार के जल विभाग के द्वारा जल से संबंधित कार्यों को भारत में किया जाता है। जल विभाग के कार्यों को करने के लिए भारत में जल विभाग की नौकरी और जल विभाग भर्ती का भी आयोजन नियमित रूप से किया जाता है। जल विभाग में भर्ती आने के पश्चात विद्यार्थी किस प्रकार से जल विभाग में नौकरी हासिल कर सकता है। इसके बारे में ज्यादातर लोगों को जानकारी नहीं है। आज के आर्टिकल में हम आपको जल विभाग में नौकरी के बारे में डिटेल में जानकारी देंगे।

## क्या होता है जल विभाग

सरकार का एक ऐसा डिपार्टमेंट जिसके माध्यम से जल संबंधित समस्त समस्याओं को दूर करने के कार्य किए जाते हैं। उसे जल विभाग कहते हैं। जल विभाग एक सरकारी विभाग है जो हर जिला में इसका मुख्यालय होता है। जल विभाग के जिले में स्थित कार्यालय की मदद से जिले में उत्पन्न होने वाली जल संबंधित समस्याओं को दूर किया जाता है।

### जल विभाग की नौकरी सरकारी

राज्य सरकार और केंद्र सरकार के द्वारा प्रतिवर्ष रिक्त पदों को ध्यान में रखते हुए जल विभाग में आवश्यक रिक्त पदों को पूरा करने के लिए सरकारी भर्ती का आयोजन किया जाता है। जल विभाग की सरकारी नौकरी के लिए विद्यार्थियों को 12 वीं पास होना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को इस भर्ती में आवेदन लगाने और इस भर्ती के तहत जल विभाग में शामिल हो सकते हैं और जल विभाग में सरकारी नौकरी पा सकते हैं। जो विद्यार्थी जल विभाग में उच्च पदों पर नौकरी हासिल करना चाहते हैं। उन विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री करनी पड़ती है। उसके अकॉर्डिंग जल विभाग के अलग-अलग पदों पर आवेदन किया जा सकता है। जल विभाग भर्ती में एग्जाम होने के बाद इंटरव्यू भी होता है और एग्जाम पास करने वाली उम्मीदवारों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जाता है और उसके पश्चात नियुक्ति पत्र प्रदान करवा कर जल विभाग में नौकरी दे दी जाती है।

## महत्वपूर्ण जानकारी

राज्य का जल संसाधन विभाग एक सरकारी विभाग यहां राज्य में जल की आपूर्ति पूरे करने का कार्य करता है। जल संसाधन विभाग के माध्यम से राज्य में पेयजल की आपूर्ति पूरी करने के साथ-साथ जहां पर जल के माध्यम से सिंचाई होती है। वहां सिंचाई हेतु जरूरी जल की आपूर्ति को पूरा करना होता है। कई बार जल विभाग के कर्मचारियों को पानी के टैंक और पाइपों की सफाई जैसे महत्वपूर्ण कार्य करने होते हैं। इतना ही नहीं नहर की सफाई के कार्य भी करवाने होते हैं। ताकि घरों तक पहुंचने वाला पेयजल शुद्ध पहुंचे।

### जरूरी योग्यता

- जल विभाग में नौकरी लेने वाले उम्मीदवार की उम्र 18 वर्ष से 30 वर्ष होना अनिवार्य है।
- जो उम्मीदवार जल विभाग में नौकरी लेने के लिए आवेदन करना चाहता है।
- वह भारत का नागरिक होना जरूरी है।
- उम्मीदवार के ऊपर किसी भी प्रकार का जुर्म होने का आरोप व पुलिस केस नहीं होना चाहिए।
- उम्मीदवार मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है।

## भर्ती होने की प्रक्रिया

जो उम्मीदवार जल विभाग भर्ती में आवेदन लगा कर चल विभाग में नौकरी पाना चाहता है। उस उम्मीदवार को जल विभाग में भर्ती होने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी होना जरूरी है। जल विभाग में आने वाली भर्तियों में उम्मीदवार को आवेदन करने के बाद लिखित परीक्षा में भाग लेना होता है। लेकिन परीक्षा को पूरा करने के पश्चात उम्मीदवार को दूसरे चरण के तौर पर एक और लिखित परीक्षा में भाग लेना होता है। पहले लिखित परीक्षा में उम्मीदवार को सामान्य ज्ञान से संबंधित सवाल पूछे जाते हैं और दूसरी लिखित परीक्षा में उम्मीदवार के लिए विषय से संबंधित सवाल पूछे जाते हैं। जल विभाग के जिस पद पर उम्मीदवार नौकरी के लिए आवेदन करता है। उस पद से संबंधित सवाल दूसरे पेपर में पूछे जाते हैं। दोनों पेपर पास करने के बाद उम्मीदवार को तीसरे चरण के तौर पर साक्षात्कार के लिए भेजा जाता है। साक्षात्कार पास करने वाले उम्मीदवार को आगे जॉइनिंग लेटर देकर नौकरी पर नियुक्त कर दिया जाता है।

**कौन-कौन से पद होते :** भारत में जल विभाग में अलग-अलग पदों पर अलग-अलग भर्तियों का आयोजन किया जाता है। भारत में जल विभाग में कौन-कौन से पद होते हैं। इसके बारे में नीचे जानकारी दी गई है।

- इंजीनियर
- असिस्टेंट इंजीनियर
- जूनियर इंजीनियर
- लिपिक संवर्ग
- सफाई कर्मी
- ड्राइवर

**सैलरी :** जल विभाग में उम्मीदवार को कितनी सैलरी मिलती है। इसके बारे में बात की जाए तो जल विभाग में बहुत सारे अलग-अलग पद होते हैं। सफाई कर्मी से लेकर इंजीनियर के पद पर भी इस विभाग में उम्मीदवारों को चयनित किया जाता है। जल विभाग में उम्मीदवारों की सैलरी के बारे में बात करें तो उच्च श्रेणी पर कार्यरत उम्मीदवारों को 30000 से लेकर 67000 की सैलरी मिलती है और नीचे जूनियर और सफाई कर्मी के तौर पर काम करने वाले उम्मीदवारों को 15000 से 25000 तक की सैलरी मिल जाती है।

---

केवल कोडिंग सिखाना नहीं, तार्किक सोच में सक्षम बनाना उद्देश्य

# बी.टेक के बाद करियर के शानदार विकल्प डिजिटल युग के सबसे प्रतिष्ठित रोजगार


**डॉ. मोहित बंसल**
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## आधुनिक तकनीकों की गहन समझ करता प्रदान

बी.टेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) एक चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है जो विद्यार्थियों को कंप्यूटर सिस्टम, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा प्रोसेसिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नेटवर्किंग जैसी आधुनिक तकनीकों की गहन समझ प्रदान करता है। इस कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को प्रोग्रामिंग लैंग्वेज (C, C++, Python, Java), डेटा स्ट्रक्चर, एल्गोरिदम, डेटाबेस मैनेजमेंट, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी और मशीन लर्निंग जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल कोडिंग सिखाना नहीं है, बल्कि उन्हें तकनीकी समस्या समाधान, तार्किक सोच, और नवाचार की दिशा में सक्षम बनाना है ताकि वे उद्योगों के डिजिटलीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थी एआई एंड एमएल, डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, आईओटी जैसे विशेषीकृत क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं।

**नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थी एआई एंड एमएल, डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, आईओटी जैसे विशेषीकृत क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता कर सकते हैं हासिल**



## उच्च शिक्षा और आगे के अवसर

बी.टेक सीएसई के बाद विद्यार्थी अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाकर विशेषज्ञता और करियर अवसर दोनों बढ़ा सकते हैं। प्रमुख उच्च शिक्षा विकल्प हैं।

- मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी
- मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डेटा एनालिटिक्स, साइबर सिक्योरिटी, या क्लाउड कंप्यूटिंग
- अंतर्राष्ट्रीय सर्टिफिकेशन : अमेजन वेब सर्विस, माइक्रोसॉफ्ट अजोर, गूगल क्लाउड, सिस्को सीसीएनऐ, और कॉम्प टीए सिक्योरिटी

ये कोर्स विद्यार्थियों को उद्योग-उपयुक्त दक्षता, बेहतर वेतन और वैश्विक अवसर प्रदान करते हैं।

## निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

*डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के इस युग में बी.टेक सीइसई स्नातकों की मांग देश-विदेश दोनों में लगातार बढ़ रही है। टेक कंपनियाँ, बैंकिंग सेक्टर, फिनटेक, ई-कॉमर्स, और क्लाउड-आधारित उद्योगों में इनकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।*

**1. सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और प्रोग्रामिंग**
**पदनाम:** सॉफ्टवेयर इंजीनियर, वेब डेवलपर, ऐप डेवलपर, सिस्टम एनालिस्ट, फुल स्टैक डेवलपर, ब्लॉकचैन डेवलपर, बैकेंड डेवलपर, फ्रॉटेंड डेवलपर

**2. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग**
**पदनाम:** डाटा साइंटिस्ट, मशीन लर्निंग इंजीनियर, ऐ आई रिसर्चर, डीप लर्निंग इंजीनियर, एनएलपि इंजीनियर, कंप्यूटर विज़न इंजीनियर, रोबोटिक्स इंजीनियर

**3. साइबर सिक्योरिटी**
**पदनाम:** साइबर सिक्योरिटी एनालिस्ट, एथिकल हैकर, नेटवर्क, सिक्योरिटी इंजीनियर, सिक्योरिटी कंसलटेंट, क्रिप्टोग्राफ़ी एक्सपर्ट, क्लाउड सिक्योरिटी इंजीनियर

**4. क्लाउड कंप्यूटिंग**
**पदनाम:** क्लाउड इंजीनियर, क्लाउड आर्किटेक्ट, डेव ऑपरेशनल इंजीनियर, क्लाउड सिक्योरिटी स्पेशलिस्ट, क्लाउड डाटा साइंटिस्ट

**5. डेटाबेस मैनेजमेंट**
**पदनाम:** डाटा इंजीनियर, डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर, डाटा आर्किटेक्ट, डाटा मॉडलर

**6. सॉफ्टवेयर टेस्टिंग एवं क्वालिटी अशोरेन्स**
**पदनाम:** ऑटोमेशन टेस्टर, टेस्ट इंजीनियर, क्वालिटी इंजीनियर

**7. टेक्नोलॉजी कंसल्टेंसी और प्रोडक्ट मैनेजमेंट**
**पदनाम:** आई टी कंसलटेंट, बिज़नेस एनालिस्ट, प्रोडक्ट मैनेजर, सलूशन आर्किटेक्ट, टेक्निकल लीड, क्लाउड कंसलटेंट

### निजी क्षेत्र में प्रारंभिक वेतन

निजी क्षेत्र में प्रारंभिक वेतन 4 से 8 लाख वार्षिक के बीच होता है, जो अनुभव और विशेषज्ञता के साथ 15 से 25 लाख वार्षिक या उससे अधिक तक पहुँच सकता है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेज़न, इनफ़ोसिस, टीसीएस, एक्सेंचर, और आईबीएम जैसी कंपनियां इन स्नातकों को उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती हैं।

***निष्कर्ष :** बी.टेक (कंप्यूटर साइंस) केवल एक तकनीकी डिग्री नहीं, बल्कि डिजिटल भविष्य की कुंजी है। चाहे आप सॉफ्टवेयर डेवलपर बनें, डेटा साइंटिस्ट या साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट -यह क्षेत्र निरंतर विकसित होता रहेगा। सही मार्गदर्शन, नवीन तकनीकी कौशल और लगन के साथ विद्यार्थी देश-विदेश दोनों में सफल करियर बना सकते हैं।*

## प्रमुख विशेषज्ञताएं

कंप्यूटर साइंस के क्षेत्र में अनेक शाखाएं हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं।

- सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग
- साइबर सिक्योरिटी
- क्लाउड कंप्यूटिंग
- डेटाबेस मैनेजमेंट
- नेटवर्क इंजीनियरिंग
- गेमिंग और वर्चुअल रियलिटी

## आवश्यक कौशल

*कंप्यूटर साइंस स्नातकों के लिए केवल तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। सफल करियर के लिए विद्यार्थियों में निम्नलिखित क्षमताओं का होना आवश्यक है।*

- तार्किक एवं विश्लेषणात्मक सोच प्रदान करना।
- समस्या समाधान और नवाचार की क्षमता
- प्रोग्रामिंग एवं कोडिंग दक्षता
- डेटा विश्लेषण एवं साइबर सुरक्षा समझ
- टीमवर्क, प्रोजेक्ट प्रबंधन और संवाद कौशल को विकसित करना।

*इन कौशलों से विद्यार्थी वैश्विक टेक्नोलॉजी कंपनियों में रोजगार पाने के साथ-साथ स्टार्टअप्स और अनुसंधान संस्थानों में भी अपनी पहचान बना सकते हैं।*

## सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

*सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक उपक्रमों में भी कंप्यूटर साइंस स्नातकों के लिए अनेक अवसर उपलब्ध हैं।*

**विद्यार्थी तकनीकी सेवाओं, अनुसंधान, साइबर सुरक्षा और डेटा प्रबंधन से जुड़ी सरकारी नौकरियों में योगदान दे सकते हैं।**

**मुख्य पदनाम:**
- आईटी अधिकारी राष्ट्रीयकृत बैंक
- सिस्टम एनालिस्ट सरकारी विभाग
- साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट रक्षा एवं गृहमंत्रालय
- वैज्ञानिक / तकनीकी सहायक एनआईसी, इसरो, डीआरडीओ
- डेटा एनालिस्ट- यूआईडीऐआई, एनआईसी, और अन्य ई-गवर्नेंस प्रोजेक्ट्स

**सरकारी क्षेत्र में प्रारंभिक वेतन** : 5 से 9 लाख वार्षिक होता है, जबकि अनुभव के साथ यह 15 लाख वार्षिक तक पहुँच सकता है। इसके साथ स्थायी नौकरी, पेंशन, और पदोन्नति के अवसर इसे अत्यंत आकर्षक बनाते हैं।

## सुझाव

करियर चयन से पहले अपने रुचि क्षेत्र की पहचान करें और किसी योग्य करियर सलाहकार से परामर्श लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर भी विज़िट कर सकते हैं।

---

# कैरियर को पैशन बनाओ, उठते ही उत्साह की लहर दौड़े, काम को बेताब हो जाओ!



मोटिवेशनल
**डॉ. दिव्या तंवर**

छात्रों, सोचो – सुबह उठते ही उत्साह की लहर दौड़े, काम के लिए बेताब हो जाओ! ये कोई ख्वाब नहीं, बल्कि सच तब बनता है जब तुम अपना कैरियर उस क्षेत्र में बनाते हो जिसे तुम दिलो-जान से प्यार करते हो। पैशन ही तुम्हारा काम बनेगी, और काम तुम्हारी स्किल को हर दिन चमकाएगा!

ये लेख खास तुम्हारे लिए है जो अभी पढ़ाई कर रहे हो, सपने बुन रहे हो। चलो, मिलकर देखें कैसे जिंदगी को सुपरहिट बना सकते हो!

**वोफील्ड चुनो जो तुम्हें 'वाह!' कहने पर मजबूर कर दे**

पढ़ाई के दौरान सब कहते हैं – इंजीनियर बनो, डॉक्टर बनो, MBA करो। अरे भाई, रुक जरा! क्या ये तुम्हारा दिल कहता है? नहीं तो छोड़ दो!

## गेमिंग में खो जाते हो? गेम डेवलपर बनो।

- ड्रॉइंग में समय भूल जाते हो? ग्राफिकडिजाइनर या आर्टिस्ट।
- कोडिंग का कीड़ा है? सॉफ्टवेयरडेवलपर।
- लोगों से बात करना पसंद? कंटेंटक्रिएटर, यूट्यूबर या पॉडकास्टर।
- नेचर में घूमना अच्छा लगता है? वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर, एनवायरनमेंटलिस्ट या ट्रैवल ब्लॉगर।
- कहानियां गढ़ना मजेदार लगता है? स्क्रिप्टराइटर, नॉवेलिस्ट या कॉमिक बुक क्रिएटर।
- डांस में ताल मिलाते हो? कोरियोग्राफर, डांस इंस्ट्रक्टर या परफॉर्मिंगआर्टिस्ट।
- बिजनेसआइडिया दिमाग में घूमते हैं? स्टार्टअपफाउंडर, एंटरप्रेन्योर या ई-कॉमर्स ओनर।
- साइंसएक्सपेरिमेंट्स करते हो? डाटा साइंटिस्ट, रिसर्चर या बायोटेक इंजीनियर।
- खाना बनाना शौक है? शेफ, फूडब्लॉगर या फूडस्टार्टअपओनर।
- फिटनेस में मस्त रहते हो? जिमट्रेनर, योगाइंस्ट्रक्टर या स्पोर्ट्स कोच।
- किताबें पढ़ने का जुनून? एडिटर, लाइब्रेरियन या बुक रिव्यूअर।
- म्यूजिक में खो जाते हो? म्यूजिकप्रोड्यूसर, DJ या सिंगर।
- फैशन में रुचि? फैशनडिजाइनर, स्टाइलिस्ट या मेकअप आर्टिस्ट।
- सोशलवर्क पसंद? NGO फाउंडर, सोशलवर्कर या कम्युनिटीऑर्गनाइजर।
- रोबोटिक्स का शौक? रोबोटिक्स इंजीनियर या ऑटोमेशनस्पेशलिस्ट।
- वीडियोएडिटिंग मजेदार लगती है? वीडियोएडिटर, व्लॉगर या शॉर्ट फिल्म मेकर।
- स्पेस में दिलचस्पी? एस्ट्रोनॉमर, स्पेस इंजी. या NASA रिसर्चर।
- एनिमल्स से प्यार? वेटरनरी डॉक्टर, पेट ट्रेनर या ज़ू कीपर।
- ट्रैवल करना पसंद? ट्रैवल एजेंट, टूर गाइड या एडवेंचरस्पोर्ट्सइंस्ट्रक्टर।
- पैशनवो है जो पैसे की फिक्र भुला दे। जब काम खेल जैसा लगे, तो सफलता खुद चली आएगी।
- एलनमस्कस्पेस में इसलिए सफल हैं क्योंकि रॉकेट्स उनकी पैशन हैं। तुम भी अपना 'रॉकेट' ढूंढो!

## आखिरी धमाका

### आज शुरू करो, कल किंग बनो!

**छात्रों, कैरियर बोझ नहीं** : तुम्हारी पैशन का खेल का मैदान है। उस फील्ड को चुनो जिसमें दिल धड़के, पैशन को काम बनाओ, स्किल पर रोज पसीना बहाओ। दुनिया बोलेगी, वाह, क्या जिंदगी जी रहा है!



**"ऑफ स्विच" बनाना सीखो**
काम के बाद फोन बंद!
शाम 7 बजे के बाद: लैपटॉप बंद, नोटिफिकेशन ऑफ।

**वीकेंडरूल:** शनिवार-रविवार को सिर्फ हॉबी या रेस्ट।
उदाहरण: कोडिंगपैशन है? हफ्ते में 5 दिन कोड करो, 2 दिन गिटार बजाओ या दोस्तों से मिलो।

**यूट्यूब बनाना पसंद?**
वीडियो शूटिंग के बाद एडिटिंग छोड़ो – अगले दिन फ्रेश दिमाग से करो।




**आज ही सोचो :** तुम्हें क्या पसंद है? वही करो! असफलता आएगी, लेकिन पैशन तुम्हें उठाएगी। तुम स्टूडेंट हो, भविष्य के सुपरस्टार हो – उठो, चुनो, चमको!

तुम कर सकते हो! जय हिंद!

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$* में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या Z है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या M है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) M+Z (बी) M-Z
(सी) M x Z (डी) M/Z

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## न्यूज डायरी

### विद्यार्थियों को समझाया बाल दिवस का महत्व


कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी एवं शिक्षक।

झज्जर। आरईडी स्कूल में बाल दिवस कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु के स्मरण के साथ हुई। कार्यक्रम में तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने समूहगान की प्रस्तुति दी। उसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा की गई फन डांस व समूह नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोहा। विद्यार्थियों ने अपने प्रभावशाली भाषण के माध्यम से पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन और बच्चों के प्रति उनके स्नेह पर प्रकाश डाला। अध्यापिका आरती ने एक मार्मिक कविता की प्रस्तुति दी। उधर, आरईडी विद्यालय छुछकवास में भी विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन कर विद्यालय निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने विद्यार्थियों को बाल दिवस का महत्व समझाते हुए जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के टिप्स दिए।

### विद्यार्थियों को कराया राव मंगलीराम पार्क का भ्रमण



झज्जर। इंडो अमेरिकन स्कूल में बाल दिवस उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने मंच पर दी एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोहा। उन्होंने नृत्य, कविताओं और विभिन्न कलात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए कहा कि विद्यालय उनके सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अलावा विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण के दौरान शहर के राव मंगलीराम पार्क का भ्रमण कराया गया।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



झज्जर। एसकेजी सीनियर सैकेंडरी स्कूल भाकली में बाल दिवस कार्यक्रम की शुरुआत पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों के अलावा कई रोचक खेल प्रतियोगिताएं भी कराई गई जिनमें क्रिकेट मैच, बोरी रेस, म्यूजिकल चेयर, नींबू रेस, रस्साकसी आदि गतिविधियां शामिल रहीं। सभी विजेता विद्यार्थियों को प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसकेजी शिक्षा समिति प्रधान राय सिंह, डायरेक्टर श्याम सिंह, प्राचार्य पवन कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### बलिदान दिवस कार्यक्रम में गए कार्यकर्ता

बहादुरगढ़। अमर बलिदानी कुशाल सिंह दहिया के 350वें बलिदान दिवस पर सोनीपत में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम अहलावत की अगुवाई में काफी कार्यकर्ता शामिल हुए। उन्होंने दादा कुशाल सिंह दहिया के बलिदान को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। रवाना होने से पूर्व अहलावत ने कहा कि दादा कुशाल सिंह दहिया का बलिदान आज भी हमें अत्याचार के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देता है।

### विभिन्न वेषभूषाओं में नजर आए विद्यार्थी


झज्जर। शिक्षकों के साथ मंच पर उपस्थित नन्हें विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

झज्जर। एमआर स्कूल हसनपुर में बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय निदेशिका संगीता कोडान ने प्राचार्या नेहा शर्मा के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करते हुए की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल दिवस सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि बच्चों की रचनात्मकता, उनकी ऊर्जा और उनके उज्ज्वल भविष्य का सम्मान है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और समाज के प्रति संवेदनशील बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य, समूहगान, कविता और लघु नाटिकाओं के माध्यम से पंडित जवाहरलाल नेहरू को याद किया। स्कूल निदेशक सोमबीर कोडान ने भी विद्यार्थियों को चाचा नेहरू के दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस दौरान छोटी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें नन्हें विद्यार्थी विभिन्न वेषभूषाओं में नजर आए।

### विभिन्न गतिविधियों में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



बहादुरगढ़। फाउंडेशन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष प्रार्थना सभा से हुआ, जिसे कक्षा दूसरी के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया। बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रांगण विभिन्न रंगारंग गतिविधियों से गुलजार रहा। नृत्य, गीत, कविता-पाठ, क्विज प्रतियोगिता और विविध खेल गतिविधियों में बच्चों ने प्रतिभा दिखाई। इसके साथ ही फायरलेस कुकिंग का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा पहली के छात्रों ने टैलेंट हंट प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपनी अद्भुत प्रतिभा और भविष्य की क्षमता का परिचय दिया। प्रिंसिपल मोनिका राठी ने कहा कि बाल दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि बच्चों की प्रतिभा, ऊर्जा और सपनों का सम्मान करने का अवसर है। निदेशक हर्षदीप राठी ने भी सभी विद्यार्थियों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनकी प्रगति और समृद्धि की कामना की।

### विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति


झज्जर। शिक्षकों के साथ मंच पर उपस्थित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने वाली छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

झज्जर। न्यूटन स्कूल में बाल दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक बालेश कादियान, मनोज भारद्वाज, अश्वनी खासा द्वारा प्रबंधक रोहताश सिंह व मुख्याध्यापिका उर्मिल बेनीवाल के साथ मिलकर किया गया। उन्होंने देश के प्रथम प्रधानमंत्री व बच्चों के प्रिय पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रबंधक रोहताश सिंह ने विद्यार्थियों को पंडित जवाहर लाल नेहरू के व्यक्तित्व के बारे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि नेहरू जी बच्चों से बहुत प्रेम करते थे। उनका मानना था कि बच्चों से हम मुस्कराना, स्वस्थ रहना, उत्साहित रहना सीख सकते हैं। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।

### सैनिक स्कूल ने जीता फुटबॉल मुकाबला


बहादुरगढ़। विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देते प्रिंसिपल बीएल भारद्वाज। फोटो: हरिभूमि

बहादुरगढ़। सैनिक पब्लिक स्कूल में बाल दिवस महोत्सव उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के बच्चों के प्रति प्रेम और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की उनकी सोच को विद्यालय ने विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से नमन किया। कार्यक्रम की शुरुआत आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें नन्हे-मुन्नों ने मनमोहक नृत्य, नाटक और कविता वाचन से सभी का दिल जीत लिया। बाल दिवस के अवसर पर इंटर-स्कूल फ्रेंडली फुटबॉल मैच का आयोजन भी किया गया। यह मुकाबला सैनिक पब्लिक स्कूल और श्री राम ग्लोबल स्कूल दिल्ली की टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक मैच में दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन अंत में सैनिक पब्लिक स्कूल ने 5-3 से जीत अपने नाम की। समापन समारोह में प्रिंसिपल बीएल भारद्वाज ने श्रीराम ग्लोबल स्कूल की टीम को रनर-अप ट्रॉफी और सैनिक पब्लिक स्कूल की टीम को विजेता ट्रॉफी प्रदान की। उन्होंने सभी खिलाड़ियों की मेहनत और खेल भावना की सराहना की। इस दौरान कक्षा आठ के होनहार छात्र मोहक को राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप में क्वालीफाई करने पर अवार्ड ऑफ एप्रिसिएशन देकर सम्मानित किया गया।

*बाल दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम, 387 बच्चों को मिला सम्मान*

# 'पंख दिए हैं तो उड़ना सीखें ये बच्चे रोशन दुनिया में अपना नाम करेंगे'


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान विजयी चिन्ह बनाते हुए विजेता प्रतिभागी।


विद्यार्थियों को केक खिलाकर बाल दिवस की खुशी मनाते हुए निदेशक धर्मेंद्र जून।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

'पंख दिए हैं तो उड़ना सीखें ये बच्चे, रोशन दुनिया में अपना नाम करेंगे' इसी संदेश के साथ शुक्रवार को बाल दिवस पर जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा संवाद भवन में भव्य समारोह का आयोजित किया गया। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने एनटीपीसी झाड़ली द्वारा सवेरा स्कूल के दिव्यांग बच्चों के लिए समर्पित की गई दो स्कूल बसों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि यह पहल दिव्यांग बच्चों के अधिकारियों को सशक्त बनाने की दिशा में सरहानीय पहल है। इसके उपरांत विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 387 बच्चों को सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। मुख्यातिथि ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बाल दिवस बच्चों की प्रतिभा, शिक्षा और अधिकारों को मजबूत करने का संकल्प दिवस है। उन्होंने कहा कि बच्चों में छिपी क्षमताओं को पहचानना और उन्हें अवसर प्रदान करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### केक काटकर मनाया चाचा नेहरू का जन्मदिन

झज्जर। कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में बाल दिवस के उपलक्ष्य में विविध सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा प्री-नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथ सुंदर नृत्य की प्रस्तुति देते हुए की। इस दौरान विभिन्न मनोरंजक एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा केक काटकर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिवस मनाया गया। छठी से नौवीं तक के विद्यार्थियों के बीच भाषण, कविता पाठ, स्किट प्ले, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर मेकिंग, बाल दिवस थीम्ड ड्राइंग तथा सद्भावना संदेश लेखन संबंधी प्रतियोगिताएं कराई गईं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र जून द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। उन्होंने विद्यार्थियों को बाल दिवस के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें शिक्षा, अनुशासन तथा अच्छे संस्कार अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्राचार्य विनोद कुमार, कोर्डिनेटर प्रियंका शर्मा, एक्टिविटी इंचार्ज तुशिका, सोनिया, पिंकी, रितु जून, ज्योति यादव, तमन्ना, प्रतिभा, आशु, सुष्मिता सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## भाषण व कविता से किया चाचा नेहरू को याद


झज्जर। कार्यक्रम में शिक्षकों के साथ उपस्थित विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम इंटरनेशनल स्कूल पाटोदा में शुक्रवार को स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में बाल दिवस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाषण, देश भक्ति गीत, सामूहिक नृत्य, देशभक्ति कविताएं आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विद्यार्थियों ने नेहरू जी की वेशभूषा धारण करके उनको याद किया तथा उनके आदर्शों पर चलने की शपथ ली। प्राचार्या श्वेता कौशिक ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में नैतिक एवं आत्मनिर्भरता जैसे गुणों की वृद्धि करके उनके भविष्य के लक्ष्य को निर्धारित करती हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे वह फूल है जिन्हें प्यार और देखभाल की जरूरत है। संस्कारम्-समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे ही राष्ट्र के निर्माता हैं, आज के बच्चे कल हमारा भविष्य तय करेंगे। उन्होंने कहा कि इनका सर्वांगीण विकास कक्षाओं में आयोजित क्रियाकलापों से ही होता है। प्रतियोगिता के सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।


झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता। फोटो: हरिभूमि

### बाल विवाह व बाल श्रम को जड़ से उखाड़ फेंकना जरूरी

झज्जर। बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिक्षा विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग, संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी तथा एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को शहर के वैदिक गर्ल्ज सीनियर सैकेंडरी स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से जिला समन्वयक मनोज ने विद्यार्थियों को बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 तथा बाल श्रम अधिनियम के विषय में विस्तार से जानकारी दी। बाल विवाह तथा बाल श्रम दोनों ही जिले की गंभीर समस्याएं हैं इसलिए बाल विवाह तथा बाल श्रम को जड़ से उखाड़ फेंकना जरूरी है। जिला प्रशासन इस दिशा में कारगर कदम उठाते हुए लोगों को जागरुक कर रहा है।


संस्थान के नव निर्मित प्रथम तल का लोकार्पण करते हुए मुख्यातिथि सतीश पूनिया।

### भाजपा प्रदेश प्रभारी ने किया राजकीय बहुतकीनी के नव निर्मित प्रथम तल का लोकार्पण

झज्जर। गुरु गोरखनाथ राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में शुक्रवार को वार्षिक उत्सव व पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉक्टर सतीश पूनिया ने संस्था के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के नवनिर्मित प्रथम तल का लोकार्पण किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने संस्था की सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, दो विभागों का एनबीए होना और केंद्र सरकार द्वारा संस्था में राज्य का एकमात्र ड्रोन प्रशिक्षण केंद्र बनाने की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग और विज्ञान को मिला कर नए भारत के निर्माण में बढ़ चढ़कर भागीदारी के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर समां बांधा। इस मौके पर संस्थान प्राचार्य दिगपाल सिंह, महाराजा सूरजमल ट्रस्ट के चेयरमैन नरेंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना, मनीष बंसल, संजय , सुनीता चौहान सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### निबंध लेखन में निधि रही प्रथम


झज्जर। निबंध लेखन में भाग लेते हुए छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

झज्जर। राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में महिला प्रकोष्ठ एवं समाजशास्त्र विभाग द्वारा शुक्रवार को राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर सतवीर सिंह ने की। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और उनका सकारात्मक योगदान ही राष्ट्र को प्रगति की राह पर ले जा सकता है। प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवा सबसे महत्वपूर्ण शक्ति हैं, जो समाज को नई दिशा प्रदान कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन महिला प्रकोष्ठ एवं समाजशास्त्र विभाग प्रभारी डॉक्टर रश्मि द्वारा किया गया। इस दौरान छात्राओं द्वारा लिखे गए निबंधों में शिक्षा, तकनीकी प्रगति, सामाजिक सुधार, महिला सशक्तिकरण, नशा-मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण तथा युवाओं की रचनात्मक भूमिका को प्रमुखता से उठाया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉक्टर सुरेंद्र सिंह, डॉक्टर पवित्रा देवी व पवन कुमार शामिल रही। प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा निधि ने प्रथम, ज्योति ने द्वितीय व महक ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### सीएम को खिलाई मिठाई



बहादुरगढ़। भाजपा नेता जसबीर सैनी ने दिल्ली के हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात कर बिहार में मिली प्रचंड जीत की बधाई दी। और मिठाई खिलाई। उन्होंने इसे विकास और सुशासन की जीत बताया। सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास पथ पर अग्रसर है। सीएम नायब सैनी ने भी बिहार में चुनाव प्रचार किया था। इस मौके पर रोहित प्रधान, प्रवीण कुमार, राजकपूर पांचाल, विनोद कुमार, ललित पंवार, कृष्ण कुमार, पुनीत प्रधान, सोनू कुमार, विपिन कुमार, नीरज, हरीश आदि मौजूद थे।

### जैन ने एनडीए की जीत पर बांटे लड्डू



बहादुरगढ़। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को मिली प्रचंड जीत के बाद वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. पंकज जैन ने शहर में लड्डू बांटकर खुशी मनाई। जैन ने कहा कि यह परिणाम बिहार की जनता द्वारा विकास और सुशासन के पक्ष में दिया गया मजबूत संदेश है। डॉ पंकज जैन ने कहा कि बिहार की जनता ने कांग्रेस, आरजेडी व अन्य विपक्षी दलों की झूठ की राजनीति को ठुकरा दिया है। अब जनता केवल विकास चाहती है। लोग सकारात्मक राजनीति और स्थिर सरकार के साथ हैं। डॉ. पंकज जैन के अनुसार हरियाणा, महाराष्ट्र व दिल्ली के बाद अब बिहार में भाजपा गठबंधन की जीत से पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व पर मोहर लग गई है।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत तुम्बाहेड़ी खंड साल्हावास जिला झज्जर में पेड़ों की बोली दिनांक 27.11.2025 (वीरवार) को भूतली जलधर झज्जर रोड़ पर सुबह 10:00 बजे की जाएगी। जिसकी सिक्योरिटी राशि मु० 20000 रखी गई है। बाकी नियम में शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी। इच्छुक बोलीदाता समय पर पहुंचकर बोली लगा सकता है।

सरपंच पूनम रानी
ग्राम पंचायत तुम्बाहेड़ी, खण्ड साल्हावास (झज्जर)
9466023066

## न्यूज डायरी

### विद्यार्थियों ने की प्रतापगढ़ फार्म की सैर



झज्जर। प्रतापगढ़ फार्म में शैक्षिक भ्रमण के दौरान उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

झज्जर। केएसएम स्कूल के विद्यार्थियों को शुक्रवार को शैक्षिणक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतापगढ़ फार्म हाऊस का भ्रमण कराया गया। यहां पहुंच कर विद्यार्थियों को प्रदेश की ग्रामीण संस्कृति को नजदीक से देखने का अवसर मिला। इस दौरान विद्यार्थियों की रुचि अनुसार अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। स्कूल निदेशका डॉक्टर बाला धनखड़ व कोमल सांगवान ने विद्यार्थियों को बाल दिवस के महत्व से अवगत कराते हुए बच्चों के चाचा नेहरू के जीवन संबंधी जानकारी भी दी।

### नन्हें विद्यार्थियों ने दी देशभक्ति व सांस्कृतिक प्रस्तुति



झज्जर। देशभक्ति गीत पर नृत्य की प्रस्तुति देते हुए नन्हें विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

झज्जर। एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्री-नर्सरी से सैकिंड क्लास तक के बच्चों व उनके अभिभावकों ने भाग लिया। प्राइमरी एचओडी सपना अहलावत के नेतृत्व में आयोजित रैंपवॉक, बैलून पिरामिड, बॉल थ्रो इन बास्केट आदि प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अलावा नन्हें विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीतों पर डांस व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोहा। प्रतियोगिता के सभी विजेता विद्यार्थियों व अभिभावकों को विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, प्रबंधक केएम डागर, प्राचार्या निधि कादियान, रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव ने विद्यार्थियों को बाल दिवस के महत्व की जानकारी भी दी। इस मौके पर प्रियंका यादव, निकिता शर्मा, मनीषा, अलका शर्मा, मोना, सविता सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### बाल दिवस पर पांच बच्चों को कराया बाल श्रम से मुक्त


झज्जर। बाल श्रम मुक्त कराए बच्चों के साथ टीम सदस्य एवं परिजन। फोटो: हरिभूमि

झज्जर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया व सचिव एवं सीजेएम विशाल के मार्गदर्शन में शुक्रवार को बाल श्रम के विरुद्ध शहर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरा लीगल वालंटियर कर्मजीत छिल्लर के साथ मानव तस्करी विरोधी इकाई, राज्य अपराध शाखा से उप निरीक्षक अमित ढाका, सहायक उप निरीक्षक जगबीर, सहायक उप निरीक्षक संदीप कुमार, मनोज कुमार, पूनम, संदीप जांगड़ा आदि सदस्य शामिल रहे। इस दौरान अलग-अलग दुकानों पर बाल श्रम करते हुए पांच बच्चों को मुक्त कराया गया। सभी बच्चों की बाल कल्याण समिति में काउंसलिंग करवाकर उनके परिजनों के साथ भेज दिया गया। इसके साथ दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे से काम कराना कानूनी अपराध है। आपको जुर्माना और सजा भी हो सकती है।

### माउंट व्यू में मनाया बाल दिवस



बहादुरगढ़। शुक्रवार को माउंट व्यू स्कूल में बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद क्रम अनुसार भाषण, गीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए। सभी बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी सुंदर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में बच्चों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। कबड्डी, वॉलीबॉल, दौड़ प्रतियोगिता, रस्साकस्सी जैसे रोमांचक खेल में सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम**

**ग्यारहवां पुरस्कार (इलैक्ट्रिक कैटल-100 नग)**

❖ रणधीर सिंह सुपुत्र श्री सूरत सिंह, गांव लहराड़ा, सोनीपत ❖ यशपाल शर्मा पुत्र श्री बारू राम, 317/3, धर्मबीर कॉलोनी, घरौंडा, करनाल ❖ सरिता धर्मपत्नी श्री विनोद कुमार, प्रगति नगर, गली नं.-2, सोनीपत ❖ श्री जगदीश सुपुत्र रामभजन प्रजापति, वार्ड नं. 10, महम, रोहतक ❖ श्री पवन कुमार सुपुत्र श्री सूरज भान वर्मा, गोपाल कॉलोनी, नीयर पुराना सदर थाना, रोहतक ❖ राम सिमरो धर्मपत्नी श्री जुगल किशोर, मं नं. 2700/15, पंचकूला ❖ दक्ष सुपुत्र श्री खुशी राम गांव व डा. कुराड़, सोनीपत ❖ क्रिश सुपुत्र श्री राजकुमार 46 अनिल नगर, सोनीपत ❖ विरेन्द्र सिंह यादव सुपुत्र श्री जगराम यादव, गांव पुन्सिका, मनेठी, रेवाड़ी ❖ नरेश कुमार सुपुत्र श्री ताराचंद पाली रेवाड़ी मनेठी ❖ गुलशन कौर धर्मपत्नी श्री बृजपाल सिंह, सरदार आटा चक्की, पुल बाजार, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ शैकिन दत्त सुपुत्र श्री राम निवास, विशाल नगर, गली नं. 2, सोनीपत ❖ नीरू सचदेवा पत्नी श्री पंकज सचदेवा, गांव बरसत, घरौंडा, करनाल ❖ पार्थ सुपुत्र श्रीमान प्रमोद ❖ रजनी सुपुत्री श्री रणबीर सिंह, ककरोई, सोनीपत ❖ गर्वित पाराशर सुपुत्र श्री विरेन्द्र पाराशर, गांव खाण्डा, खरखौदा, सोनीपत ❖ नरेन्द्र पुत्र श्री भीम सिंह मैन बाजार नजदीक पुराना थाना, जुलाना, जीन्द ❖ चान्दराम सुपुत्र श्री देई चन्द, वार्ड नं. 9 जुलाना मण्डी, जीन्द ❖ रीना धर्मपत्नी सुखपाल सिंह चौहान, सिद्धार्थ कॉलोनी, बहालगढ़ रोड़, सोनीपत ❖ हीना सहरावत धर्मपत्नी श्री अंकित सहरावत ❖ शमशेर पुत्र श्री फूल सिंह, जै जैवन्ती, जुलाना, जीन्द ❖ प्रियंका धर्मपत्नी श्री राजकुमार, 46 नजदीक रामा मेडिकल स्टोर, अनिल नगर, सोनीपत ❖ श्री भगवान भटनागर सुपुत्र श्री लाल चन्द भटनागर, प्रगति नगर, गली नं. 2, सरोहा हाउस के सामने छोटू राम चौक, सोनीपत ❖ हिमाशुं सुपुत्र श्री लोकेश, वस्त्रम नगर, गली नं. 10, सोनीपत ❖ प्रीति मिश्रा धर्मपत्नी परतव उपाध्याय, गली नं. 7, रिषी कॉलोनी, सोनीपत ❖ श्री पंकज सुपुत्र श्री अशोक कुमार, पटेल नगर, रेलवे रोड, जींद ❖ विकास सुपुत्र श्री गुरदास गांव जुलाना वार्ड नं. 6 जीन्द ❖ झलक सुपुत्री श्री राजकुमार, म. नं. 46, कुम्हार गेट, अनिल नगर, सोनीपत ❖ अंजु धर्मपत्नी दीपक रावत, 19/9, न्यू सब्जी मण्डी, सोनीपत ❖ सोनिया धर्मपत्नी श्री मनोज कुमार 27/10, चावला कॉलोनी, सोनीपत ❖ सचिन वधवा, मं नं. ई 205, राम गली, करनाल ❖ अनिता चुरानी, 2700 FF सेक्टर -15, पंचकूला ❖ गुजरी देवी, धर्मपत्नी रोहतास मलिक, फैमिना टेलर, रेलवे रोड, सफीदों, जीन्द ❖ गुलाब सिंह धर्मपत्नी श्री टेक राम, बुढ़ा खेड़ा, लाठर, जुलाना, जीन्द ❖ जगबीर सुपुत्र श्री बनवारी लाल, अकालगढ़, जुलाना, जीन्द ❖ सुखबीर सिंह सुपुत्र श्री रंगराव, गांव पलड़ा, बेरी, झज्जर ❖ जय किशन सुपुत्र श्री डालचन्द, हमायुंपुर, मातनहेल, झज्जर ❖ कविता धर्मपत्नी श्री अशोक हथवाला, जुलाना, जीन्द ❖ श्री पवन कुमार वधवा, फेंसी मेन बाजार, कलधा हाउस, कलानौर, रोहतक ❖ श्री सचिन सुपुत्र कृष्ण, गांव व डा. खरावड़, तह. सांपला, रोहतक ❖ श्री जगवंती गांव व डा. बोहर, रोहतक ❖ लक्ष्मी नारायण सुपुत्र श्री जय नारायण, म. नं. 2620 अर्बन स्टेट, सैक्टर 10, जीन्द ❖ वेदपाल सुपुत्र श्री धर्मबीर, गांव सुबाना, झज्जर ❖ राजेश हेयर ड्रेसर सुपुत्र जय सिंह, भानू भाई फैक्ट्री, झज्जर ❖ सुनिधी पुत्री श्री सतपाल, गांव अमादलपुर, माछरौली, झज्जर ❖ हीरालाल रोहिला सुपुत्र श्री रामपाल, गांव रैईया, बख्तावरपुर, झज्जर ❖ सतबीर सिंह पुत्र श्री उदयराम, मॉडल टाउन, झज्जर ❖ धरेश कुमार सुपुत्र श्री प्रताप चन्द म. नं.31/11, मौहल्ला लाल कहानिया, झज्जर ❖ रामरत्तन एक्स सर्विसमैन पुत्र श्री मथुरा दास, गांव बेरी वार्ड नं. 1, झज्जर ❖ मनमोहन सिंह सुपुत्र श्री ओमप्रकाश, प्राणपुरा, वार्ड नं. 5, नारनौल, महेन्द्रगढ़

*क्रमशः*

**शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें**

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

## खबर संक्षेप


बहादुरगढ़। सही उत्तर देने वाले विद्यार्थी को पुरस्कृत करती हुई।

### सड़क सुरक्षा के नियम समझाए

**बहादुरगढ़।** केआर मंगलम वर्ल्ड स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सड़क सुरक्षा के नियमों को समझाने के लिए एक विशेष सेमिनार भी किया गया। इसमें छात्रों ने सड़क सुरक्षा के महत्व और नियमों के बारे में जानकारी प्राप्त की। छात्रों ने प्रश्न-उत्तर सत्र में भाग लिया और सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में और अधिक जानकारी हासिल की। सही उत्तर देने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया।

### पूर्व विधायक भी समर्थकों संग राई गए

**बहादुरगढ़।** पूर्व विधायक नरेश कौशिक भी असंख्य कार्यकर्ताओं के साथ अपने कार्यालय से शुक्रवार को अमर बलिदानी दादा कुशाल सिंह दहिया के 350वें बलिदान दिवस की स्मृति पर राई स्थित एजुकेशन सिटी में आयोजित हुए राज्यस्तरीय समारोह में शिरकत करने के लिए रवाना हुए। उनकी शौर्य गाथा को याद करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। उनके साथ पालेराम शर्मा, धर्मवीर वर्मा, राजेश मकड़ौली, अश्विनी शर्मा, अशोक शर्मा, प्रवीण सोनू, सत्यवान दलाल, अनिल सिंघल, पवन रोहिल्ला, कृष्ण चंद्र, उमेश सहगल, राम सिंह दलाल, देववीर, महेश कुमार, मोहन खैरपुर, टोनी कसार, प्रवीण शर्मा, धर्म सिंह सिवान, विशाल छिल्लर, सचेत कुमार, आमोद छिल्लर व बिजेंद्र वशिष्ठ आदि रवाना हुए।

एमडीयू की स्पोर्ट्स डायरेक्टर डॉ. शकुंतला ने खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित

# मनीषा बनी गर्ल्स कॉलेज की बेस्ट एथलीट

**बेनीवाल ने छात्राओं को खेलों के माध्यम से अनुशासन, नेतृत्व और आत्मविश्वास विकसित करने की प्रेरणा दी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में 9वीं एथलेटिक मीट का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या अल्का गुलाटी ने की। एमडीयू रोहतक की डायरेक्टर स्पोर्ट्स डॉ. शकुंतला बेनीवाल मुख्य अतिथि रहीं। स्पोर्ट्स इंचार्ज रामेंद्र हूड्डा ने समन्वय संभाला। मंच संचालन डॉ. सीमा और डॉ. सुशील ने किया। मनीषा को उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बेस्ट एथलीट घोषित किया गया।

मुख्य अतिथि शकुंतला बेनीवाल ने छात्राओं को खेलों के माध्यम से अनुशासन, नेतृत्व और आत्मविश्वास विकसित करने की प्रेरणा दी। प्रिंसिपल अल्का गुलाटी ने भी सभी प्रतिभागियों को निरंतर अभ्यास और नई ऊंचाई छूने के लिए प्रोत्साहित किया। सौ मीटर दौड़ में लक्षिता प्रथम,स्नेहा यादव द्वितीय व माधुरी पाल तृतीय रही। जबकि 200 मीटर दौड़ में लक्षिता प्रथम, मनीषा द्वितीय व स्नेहा यादव तृतीय रही। चार सौ मीटर दौड़ में लक्षिता प्रथम, मनीषा द्वितीय व स्नेहा यादव तृतीय रही। हाई जंप में कनिका प्रथम, स्नेहा यादव द्वितीय व मनीषा तृतीय रही। जैवलिन थ्रो में कीर्ति प्रथम, माधुरी पाल द्वितीय और प्राची तृतीय रही। मटकी रेस में सिया विजेता रही। थ्री-लेग्ड रेस में स्नेहा यादव एवं कनिका प्रथम, लक्षिता एवं मनीषा द्वितीय, माधुरी पाल एवं प्राची तृतीय रही। लॉन्ग जंप में माधुरी पाल प्रथम, मनीषा द्वितीय और स्नेहा यादव तृतीय स्थान पर रही। डिस्कस थ्रो में मनीषा प्रथम, कनिका द्वितीय और माधुरी पाल तृतीय स्थान पर रही। शॉटपुट में मनीषा प्रथम, कनिका द्वितीय व कीर्ति तृतीय रही। कॉलेज काउंसिल की भूमिका डॉ. सुदेश राठी, संगीता गोयल, डॉ. शिल्पा व डॉ. मेहर सिंह ने निभाई। स्पोर्ट्स बोर्ड के सदस्यों में डॉ. मंजू छिकारा व पूनम शामिल रही। गवर्नमेंट कॉलेज दुबलधन से डॉ मयंक व वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय से डॉ. सुनीता ने आयोजन में सहयोग किया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



बहादुरगढ़। प्रतियोगिता में भाला फैंकती एक छात्रा व विजेताओं के साथ डॉ. शकुंतला बेनीवाल व डॉ. अल्का गुलाटी। फोटो: हरिभूमि

## वार्षिक खेलों में छाई तन्नु व नैंसी

**बहादुरगढ़।** गांव जसोरखेड़ी स्थित राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को दसवीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। खेलों का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. संदीप किराड़ ने किया। प्रतियोगिताओं का संचालन खेलकूद प्रभारी प्राध्यापक डॉ. सुनील कुमार की देखरेख में हुआ। 200 मीटर दौड़ में तनु ने पहला, निशा ने दूसरा और नैंसी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, 400 मीटर दौड़ में भी तनु प्रथम, निशु द्वितीय और नैंसी तृतीय रही। शॉट पुट में नैंसी व नेहा छाई रही। जैवलिन थ्रो में राखी पहले, नैंसी दूसरे और महक तीसरे स्थान पर रही। डिस्कस थ्रो में नैंसी ने प्रथम, साक्षी ने द्वितीय और राखी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लांग जंप में तनु प्रथम, नैंसी द्वितीय और नैंसी तृतीय रही। जबकि 100 मीटर दौड़ में तनु ने पहला, निशु ने दूसरा और सोनम ने तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. संदीप किराड़ ने सभी विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



बहादुरगढ़। विजेता छात्राओं के साथ कॉलेज प्रिंसिपल व स्टॉफ।


झज्जर। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए मुख्यातिथि प्रोफेसर शिवालिक यादव। फोटो: हरिभूमि

## दीपिका व मोहित को मिला सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय दुजाना में शुक्रवार को 54वीं एक दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता संयोजक डॉक्टर अजय जून ने बताया कि प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट करते हुए मुख्यातिथि को सलामी दी। उन्होंने खिलाड़ियों को खेलों को खेल भावना से खेलने की सीख देते हुए कहा कि इससे हमारे अंदर एकता व भाईचारे की भावना का विकास होता है। मंच संचालन डॉक्टर सीमा कुंडू द्वारा किया गया।

इस दौरान 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, शॉटपुट, 100 मीटर दौड़, 1500 मीटर दौड़, मटका दौड़ व जैवलिन थ्रो आदि खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता परिणामों में लड़कों की 100 मीटर दौड़ में अंकुर दहिया ने प्रथम, केशव ने द्वितीय व मोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में मोहित प्रथम, केशव द्वितीय व अंकुर दहिया तृतीय रहा। जैवलिन थ्रो में मोहित को पहला, दीपांशु को दूसरा व केशव को तीसरा स्थान मिला। लड़कियों की 400 मीटर दौड़ में दीपिका पहले, सीमा दूसरे व कुसुम तीसरे स्थान पर रही। शॉटपुट प्रतियोगिता में दीपांशी ने प्रथम, कुसुम ने द्वितीय व कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में दीपिका को सर्वश्रेष्ठ छात्रा खिलाड़ी तथा मोहित को सर्वश्रेष्ठ छात्र खिलाड़ी घोषित किया गया। समापन समारोह में भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रोफेसर शिवालिक यादव ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।


बहादुरगढ़। लंबी कूद लगाती राजकीय महाविद्यालय की एक छात्रा।

# दौड़ में रोहित, दीपांशु और मनीषा रही अव्वल

**राजकीय महाविद्यालय की 52वीं वार्षिक एथलेटिक मीट के पहले दिन हुई कई स्पर्धाएं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में शुक्रवार को 52वीं वार्षिक एथलेटिक मीट शुरू हुई। प्रिंसिपल दलबीर सिंह ने ध्वजारोहण के उपरांत सभी प्रतिभागियों को शपथ ग्रहण करवाई। पहले दिन के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. अमित छिकारा ने बताया कि दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शनिवार को होगा। प्राचार्य दलबीर सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेलने से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास व टीम भावना का विकास होता है। मंच संचालन डॉ. विकास शौकीन ने किया। डॉ. अमित छिकारा ने बताया कि शुक्रवार को 400 मीटर दौड़ में रोहित प्रथम, दिपांशु द्वितीय और मनीष तृतीय रहे। जबकि 800 मीटर दौड़ में दिपांशु प्रथम, प्रवेश द्वितीय और निशू तृतीय रहा। वहीं 1500 मीटर दौड़ में दीपांशु प्रथम, अमन द्वितीय और पीयूष तृतीय रहा। लंबी कूद में रोहित प्रथम, मनीष द्वितीय व लोकेश तृतीय रहा। भाला फेंकने में अमन प्रथम, मनीष द्वितीय और पीयूष तृतीय रही। लड़कियों की 200 मीटर दौड़ में मनीषा पहले, दीपा दूसरे, निशा व तमन्ना तीसरे स्थान पर रही। वहीं 400 मीटर दौड़ में मनीषा प्रथम, दीपा द्वितीय और मुस्कान तृतीय रही। लंबी कूद में मनीषा प्रथम, दीपा द्वितीय और मुस्कान तृतीय रही। भाला फेंकने में तमन्ना पहले, सरीता दूसरे व वैष्णवी तीसरे स्थान पर रही। उप-प्राचार्या सुमन हुड्डा ने सभी सहयोगियों का धन्यवाद करते हुए खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।


बहादुरगढ़। दौड़ की शुरुआत करते प्रिंसिपल दलबीर सिंह व अन्य। फोटो: हरिभूमि


बहादुरगढ़। पंडित नेहरू को जयंती पर श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी। फोटो: हरिभूमि

## जयंती पर कांग्रेस ने नेहरू को दी श्रद्धांजलि

**बहादुरगढ़।** पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून के कार्यालय पर देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 136वीं जयंती सम्मानपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके योगदान और देश निर्माण में उनकी ऐतिहासिक भूमिका को याद किया। पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखने वाले दूरदर्शी नेता थे। वैज्ञानिक सोच, शिक्षा, उद्योग और लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करना उनकी देन है। वरिष्ठ नेता वेद प्रधान, राज सिंह पहलवान, गजानंद गर्ग, प्रदीप यादव, राजेश कलसन, संजय पहलवान, वीरेंद्र मलिक, प्रदीप जून, धर्मपाल, प्रदीप पांडे, धर्मवीर, सुखबीर, जितेंद्र, रोहतास डाबला, सुरेंद्र आदि ने पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# वर्कशॉप में टीम स्पिरिट का महत्व समझाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेक्टर–2 सेवाकेंद्र में ब्रह्माकुमारीज के युवा प्रभाग द्वारा संचालित नई उमंग नई तरंग प्रोजेक्ट के अंतर्गत जिंदल लाइफस्टाइल लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों के लिए विशेष वर्कशॉप एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें कंपनी के करीब 40 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में टीम स्पिरिट को सहजता से समझाने के लिए विभिन्न समूह गतिविधियां, इंटरएक्टिव वर्कशॉप और मोटिवेशनल एक्सरसाइज कराई गईं। कार्यक्रम की शुरुआत सेवाकेंद्र संचालिका बीके विनीता दीदी ने कहा कि आज के बदलते कार्य–परिवेश में आपसी सम्मान, धैर्य और सकारात्मक दृष्टिकोण से ही किसी संगठन को नई ऊंचाइयां मिल सकती हैं। मुख्य संचालिका अंजलि दीदी ने बताया कि एक सफल संगठन की मूलभूत नींव विश्वास, प्यार और सहयोग है। ओम शांति रिट्रीट सेंटर गुरुग्राम से आई बीके इशू दीदी ने समझाया कि जहां लोग एक लक्ष्य लेकर एक-दूसरे का हाथ थामते हैं, वहां सफलता अनेक गुना बढ़ जाती है। मिलकर किया गया कार्य तेज, सहज और अधिक सार्थक होता है। बीके दीपा दीदी ने बताया कि सराहना, उत्साहवर्धन, एक-दूसरे की अच्छाइयों को पहचानना और नकारात्मक बोल–चाल से दूरी टीम वर्क में मुख्य आधार होते हैं। जब एक व्यक्ति दूसरे से जुड़ता है, तो शक्ति दोगुनी हो जाती है, यही संगठन की असली शक्ति है। बीके संदीप भाई ने बताया कि सहयोग, विश्वास और सकारात्मक विचार संगठन की सफलता के तीन प्रमुख स्तंभ हैं। प्लांट हेड विजय कुमार ने अपने अनुभव सांझा किए। इस मौके पर एचआर हेड रविंद्र सिंह व मैनेजर विशाल भी उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। कंपनी के अधिकारियों के साथ ब्रह्माकुमारियां। फोटो: हरिभूमि

## फैंसी ड्रेस प्रतियोगित



बहादुरगढ़। सिल्वर बेल्स स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में लिया भाग। फोटो: हरिभूमि


बहादुरगढ़। नशा विरोधी स्लोगन व पोस्टर देखती प्रिंसिपल व अन्य। फोटो: हरिभूमि

## नशा विरोधी स्लोगन-पोस्टर बनाए

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में नशा मुक्ति का संदेश स्लोगन लेखन व पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शनी लगाकर दिया गया। जाह्नवी, तनु, भावना, सिमरन दहिया, रूपांशी, श्वेता और सिमरन ने नशे से होने वाले अवसाद, तनाव, आक्रोश, अपराध और बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाई। शुक्रवार को एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता हुई। असिस्टेंट प्रोफेसर प्रीति की देखरेख में आर्टिस्टिक पेयर फॉर योगा की प्रक्रिया और खेल क्षमता का प्रदर्शन किया। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने राष्ट्रगीत के 150वीं वर्षगांठ के पूर्ण होने पर बधाई दी। उन्होंने छात्राओं को शारीरिक गतिविधियों का महत्व समझाया। प्रभारी डॉ. शालू शर्मा ने कहा कि युवा नशे से दूर रहकर सकारात्मक सोच के साथ अच्छी जीवन शैली अपनाए। डॉ. नेहा नैन ने कहा कि राष्ट्रगीत के इतिहास का वर्णन किया। मंच संचालन डॉ. दिपिका के द्वारा किया गया।

## पोस्टर मेकिंग व स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता हुई

**बहादुरगढ़।** शहर के त्रिवेणी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग व स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता हुई। स्कूल निदेशिका संगीता वर्मा, उपनिदेशिका सुमित्रा महला व प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने बताया कि देश के पहले प्रधानमंत्री बच्चों के बेहद अजीज थे। टीचर्स ने बच्चों के लिए एक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। संगीता वर्मा ने हेड बॉय और हेड गर्ल को बधाई कार्ड भेंट किया। जूनियर बच्चों की टीचर्स ने कविता व लोकगीत प्रस्तुत किया। स्लोगन राइटिंग में दसवीं की जाह्नवी व नौवीं की छवि ने प्रथम स्थान, नौवीं की लता ने दूसरा स्थान, संगम व देव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रिया व पारुल ने सांत्वना पुरस्कार जीता। ग्यारहवीं की हर्षिता ने प्रथम, प्रांशी व बारहवीं की भूमिका ने दूसरा तथा सरस्वती ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बारहवीं वाणिज्य की हर्षिता ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

## नूना माजरा की छात्राओं ने बढ़ाया इलाके का मान

**बहादुरगढ़।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूना माजरा की छात्राओं ने राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए झज्जर जिले का नाम रोशन किया है। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने विजेता छात्राओं को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट और दस हजार रुपये का चेक देकर सम्मानित किया था। इन छात्राओं को शुक्रवार को स्कूल में पुरस्कृत किया गया। दरअसल, 11 से 13 नवंबर तक पानीपत स्थित आर्य पीजी कॉलेज में राज्यस्तरीय सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन हुआ था। इस दौरान वरिष्ठ वर्ग में विद्यालय की टीम में शामिल भावना, ज्योति, नैंसी, नेहा, खुशी, जिया, जोशिका, तनीषा, सारा, निकिता, अंश, अंशिका आदि ने एक फौजी के परिवार की भावनाओं पर आधारित प्रभावशाली प्रस्तुति दी। प्रिंसिपल पूनम मक्कड़ ने बताया कि प्रस्तुति को सफल बनाने में अनिल, डॉ. सुमन, स्वदेश, मोनू, माया, मोनिका और बिंदु आदि स्टाफ सदस्यों का विशेष योगदान रहा। डीईओ राजेश खन्ना, बीईओ शेर सिंह, प्रधान जयभगवान, विनोद व नवीन ने भी छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। डीसीपी हेड क्वार्टर जसलीन कौर और एसडीएम नसीब कुमार विद्यालय में पहुंचे। उन्होंने साइबर क्राइम, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति और नारी सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर छात्राओं को जागरूक किया। विजेता टीम को सम्मानित किया।


बहादुरगढ़। बिहार में जीत के बाद विजय जुलूस निकालते भाजपाई।

## बिहार में बंपर जीत पर भाजपाइयों ने बांटे लड्डू

**बहादुरगढ़।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की ऐतिहासिक जीत के बाद भाजपाइयों में उत्साह का माहौल है। शुक्रवार को बहादुरगढ़ में कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से एक भव्य विजय जुलूस निकाला गया। मार्केट कमेटी चेयरमैन विनोद कौशिक और युवा भाजपा नेता नकुल दिनेश कौशिक के नेतृत्व में निकाला गया जुलूस लाल चौक पहुंचा। चेयरपर्सन प्रतिनिधि रमेश राठी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, पार्षद भीम सिंह प्रणामी, पूर्व चेयरमैन कर्मबीर राठी, पूर्व पार्षद हरिमोहन धाकरे, मंडल अध्यक्ष पंकज गर्ग, संजय सैनी, रामकंवार सैनी, सुदेश रंगा, महावीर दलाल, विजय, सीमा छिकारा, इंदु बागड़ी व कविता रंगा आदि ने भाजपा की जीत पर खुशी जाहिर की।

हरियाणा भाजपा प्रभारी पुनिया ने डूसू अध्यक्ष बने आर्यन मान को दी बधाई

# विचारधारा और विकास को मिला जनादेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

भाजपा के हरियाणा प्रभारी सतीश पुनिया ने बिहार की जीत को विकास और विचारधारा को समर्पित बताया है। वे शुक्रवार को बहादुरगढ़ में डूसू अध्यक्ष आर्यन मान के निवास पर उन्हें बधाई देने पहुंचे। उन्होंने आर्यन मान को राजनीति का युवा चेहरा बताते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पत्रकारों से बातचीत में राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश पुनिया ने कहा कि बिहार की जनता ने विकास की रफ्तार को जारी रखने का जनादेश दिया है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की एनडीए सरकार ने जंगलराज खत्म कर विकासराज को स्थापित किया है। बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा गया है, तो स्वाभाविक है कि सरकार का नेतृत्व भी वही करेंगे। उन्होंने कांग्रेस और आरजेडी की बुरी हार पर उन्हें नसीहत भी दी। उनके अनुसार कांग्रेस को देश के मुद्दों के साथ उदारता दिखानी चाहिए और अपना संगठन सुधारना चाहिए। पुनिया ने हरियाणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के जल्द बदलाव के संकेत भी दिए हैं। उनके अनुसार बिहार चुनावों के परिणाम के बाद अब केंद्र के आदेश का अनुपालन करेंगे। संगठन पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि बूथ से लेकर जिला स्तर पर संगठन का काम पूरा हो चुका है। उनके अनुसार ऐसी व्यवस्था बनाई जा रही है कि प्रशासन और कार्यकर्ताओं की बीच सामंजस्य बने, विकास भी हो और लोगों के काम भी। इस मौके पर प्रधान अशोक मान, जिलाध्यक्ष विकास बाल्मीकि, चेयरमैन कप्तान बिरधाना, राजपाल जांगड़ा, दिनेश शेखावत, मनीष बंसल, युवराज छिल्लर, अशोक राठी, पंकज गर्ग व माल्हड़ पहलवान आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। पत्रकारों से बात करते भाजपा प्रभारी सतीश पुनिया। फोटो: हरिभूमि

## दरवाजे तोड़कर मकान में घुसे और दंपति को पीटा

*बहादुरगढ़। गांव दुल्हेड़ा में रॉड, फरसे आदि से दरवाजे तोड़कर कुछ लोग मकान में घुस गए और परिवार पर हमला कर दिया। हमले में दंपति को चोट आई। मारपीट व धमकी देने का आरोप परिवार के ही सात लोगों पर है। मामला जमीनी विवाद से जुड़ा है और आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में दुल्हेड़ा की निवासी प्रीति ने कहा है कि पिछले काफी समय से हमारा जेठ व देवर के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। गत 12 नवंबर की रात को हम सो रहे थे। इसी दौरान जेठ, जेठानी, देवर, देवरानी व उनके बच्चे हमारे घर के बाहर आए और गालियां देने लगे। बुरी तरह से दरवाजा पीटने लगे, लेकिन हमने नहीं खोला। इसके बाद वे चले गए लेकिन चंद मिनट बाद ही वापस लौटे और फिर डंडों, रॉड तथा फरसे आदि से दरवाजे तोड़ने लगे। हमारे मकान के बाहर लगे कैमरे तोड़ दिए।*